चार दिवसीय पुतुल समारोह का समापन, 20 से अधिक कठपुतलियों से जीवंत हुई महाभारत की गाथा

कठपुतली ने दिया साधना और सामाजिक न्याय का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर आयोजित चार दिवसीय पुतुल समारोह का रविवार को समापन हुआ। 22 से 25 अक्टूबर तक चले इस समारोह में कठपुतली कला की विविध शैलियों का प्रदर्शन किया गया। समापन दिवस पर छड़ और धागा शैली में 'एकाकी धनुर्धर' की प्रस्तुति दी गई। कोलकाता के सुदीप गुप्ता और उनके साथियों ने महाभारत के एकलव्य प्रसंग को कठपुतलियों के माध्यम से मंचित किया।

समारोह का आयोजन जनजातीय संग्रहालय, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर, कोलकाता के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों का स्वागत जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के सहायक निदेशक राजीव सक्सेना ने किया।

समारोह के अंतर्गत कठपुतलियों के निर्माण और उनके प्रदर्शन की तकनीक पर आधारित शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने कठपुतली कला से जुड़ी सात मिनट की कथा का मंचन किया। शिविर का संचालन सुदीप गुप्ता और उनके साथियों ने किया। आयोजन के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और डॉल्स थिएटर के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय कठपुतली प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें भारत और विदेशों की 100 से अधिक कठपुतलियां प्रदर्शित की गईं। भारतीय कठपुतलियों में पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों की कलात्मक परंपराएं देखने को मिलीं। चीन, तुर्किये, वियतनाम, इंडोनेशिया, मिस्र और अर्जेंटीना सहित अन्य देशों की कठपुतलियां भी प्रदर्शनी का हिस्सा रहीं।

'एकाकी धनुर्धर' की कथा महाभारत के एकलव्य के जीवन पर आधारित थी। प्रस्तुति की शुरुआत महर्षि व्यास के वन आश्रम से हुई, जहां वे धर्म के क्षय और बढ़ती हिंसा के बीच महाभारत की रचना का संकल्प लेते हैं। देवर्षि नारद के परामर्श और गणेश को लेखक बनाकर महागाथा आगे बढ़ती है।

कथा में निषादराज हिरण्यधनु के पुत्र एकलव्य को आचार्य द्रोण द्वारा शिष्य बनाने से इनकार किए जाने के बाद स्वयं अभ्यास करते दिखाया गया। वह द्रोण की प्रतिमा स्थापित कर कठिन परिस्थितियों में धनुर्विद्या सीखता है और असाधारण धनुर्धर बन जाता है। उसका कौशल अर्जुन की श्रेष्ठता की स्थापित धारणा को चुनौती देता है। इसके बाद द्रोण गुरु-दक्षिणा में उसका दाहिना अंगूठा मांगते हैं, जिसे एकलव्य बिना विरोध अर्पित कर देता है। लगभग एक घंटे की इस प्रस्तुति में 20 से अधिक कठपुतलियों का उपयोग किया गया। कथा ने साधना, निष्ठा, त्याग और सामाजिक न्याय के महत्व को रेखांकित किया। इसका संदेश था कि महानता जन्म या कुल से नहीं, बल्कि कर्म, समर्पण और साधना से अर्जित होती है।

भोपाल रेल मंडल क्षेत्र में अवशिष्ट क्लोरीन के 1,744 और जीवाणु संबंधी 126 नमूनों की जांच

भोपाल रेल मंडल में पेयजल की 1,870 जांचें सभी नमूने मानकों के अनुरूप

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में रेल यात्रियों और रेलकर्मियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। इसी क्रम में 28 सितंबर से 22 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न माध्यमों से पेयजल के नमूनों का परीक्षण किया गया। जांच के दौरान सभी नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए।

इस अवधि में अवशिष्ट क्लोरीन के 1,744 नमूनों की जांच की गई। सभी नमूनों के परिणाम उपयुक्त रहे। इसी तरह जीवाणु संबंधी जांच के लिए लिए गए 126 नमूनों में भी पानी की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुसार मिली। इसके अतिरिक्त, रेलवे के अभियांत्रिकी विभाग की ओर से किया गया एक रासायनिक परीक्षण भी संतोषजनक पाया गया।

इस प्रकार अवशिष्ट क्लोरीन और जीवाणु संबंधी जांच के कुल 1,870 नमूनों के परिणाम उपयुक्त रहे। रासायनिक परीक्षण में भी पानी की गुणवत्ता संतोषजनक मिली।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि भोपाल मंडल के रेलवे स्टेशनों और अन्य संबंधित स्थानों पर पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जल स्रोतों और जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों और रेलकर्मियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कहीं भी पानी की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। इसके माध्यम से जलापूर्ति व्यवस्था को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने का प्रयास किया जाता है।

भोपाल रेल मंडल ने यात्रियों और रेलकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मंडल में जल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी और जांच की प्रक्रिया जारी है।

'परिवर्तन जादू!' में संजोया स्व. वीडी शर्मा का जीवन और संघर्ष

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्व. वीडी शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर एवं जनसंपर्क अधिकारी के जन्म शताब्दी वर्ष पर उनकी पुत्री चंद्रिका चंद्र द्वारा लिखित पुस्तक 'परिवर्तन जादू!' का विमोचन किया गया। पुस्तक में श्री शर्मा के जीवन, संघर्ष, संस्कार और व्यक्तित्व को संजोया गया है। क्रांतिकारी गतिविधियों से जुड़े रहने और छद्म नाम अपनाने के कारण वे 'परिवर्तन बाबू' के नाम से भी पहचाने जाते थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संदेश भेजकर उनके सहज व्यक्तित्व की सराहना की और पुस्तक प्रकाशन को अनुकरणीय बताया। मुख्य अतिथि सुश्री सीमा पांडे मिश्रा ने माता के त्याग और समर्पण को रेखांकित किया। प्रमोद फरक्या ने माता-पिता के संघर्षों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। पत्रकार भीम सिंह और सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक राजेश मलिक ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, अधिकारी और परिजन उपस्थित रहे। संचालन नंदिनी शर्मा एवं स्वाति शर्मा ने किया।

जयपुर सिल्वर शो में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा भोपाल सराफा महासंघ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जयपुर में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले जयपुर सिल्वर शो 2026 में मध्यप्रदेश के ज्वेलरी व्यापारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भोपाल सराफा महासंघ सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस संबंध में ज्वेलरी ट्रेड मोटिवेटर अंकित वैद्य, जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के चेयरमैन उज्ज्वल डेरेवाला और सचिव राहुल जैन ने महासंघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मध्यप्रदेश और राजस्थान के ज्वेलरी उद्योग के बीच व्यापारिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। महासंघ के अध्यक्ष सुशील धनवानी और सुमंत सोनी को शो के समन्वय एवं प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मंडियों में ऑनलाइन व्यवस्था लागू

भोपाल। लघु उद्योग भारती, मप्र के दो वर्षों के प्रयासों के बाद मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने व्यापारियों और अनाज प्रसंस्करण इकाइयों की समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। ऑनलाइन पोर्टल शुरू होने के बाद यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अब विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल पर घटती-बढ़ती दर्ज करने की व्यवस्था लागू कर दी है।

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JAYVANTI BAI SHIVADE W/O SURATLAL SHIVADE निवासी प्रताप नगर 872 वार्ड नंबर 14 बैतूल। यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम JAYVANTI SHIVADE है ओर आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम JAYVANTI BAI SHIVADE है। अब भविष्य में मुझे मेरे नए नाम JAYVANTI BAI SHIVADE W/O SURATLAL SHIVADE के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

2052

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रतनपुर सडक तहसील-कोलार जिला भोपाल

ममला क्रमांक 2654/अ-6/2026-27

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण आवेदक श्रीमती चांदनी राय पत्नी श्री संदीप राय निवासी भोपाल म.प्र. आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम रतनपुर सडक स्थित भूमि खसरा क्रमांक, 1021, व अन्य खसरो के अंश भाग पर स्थित भूखण्ड क्रमांक 08 जिसका का क्षेत्रफल 74.34 वर्गमीटर के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह 04/11/2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/10/2026 को जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील-कोलार जिला भोपाल

2048

न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल

प्रकरण क्र.- 5390/अ-6/सन-2026-27
मौजा-परेवाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल

उद्घोषणा पत्र

सर्वसाधारण आवेदक तोसीफ अहमद पुत्र श्री शरीफ अहमद निवासी एच-1/17, नयी सेन्ट्रल जेल, बायपास रोड, करोंद, भोपाल म.प्र. ने म.प्र.भू-रा. संहिता, की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज के आधार पर क्रय की गई भूमि स्थित ग्राम परेवाखेड़ा तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक-269, कुल रकबा 0.820 हे. में से 600 वर्गफिट भूमि का नामान्तरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 06.11.2026 को या इस से पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22.10.2026 को जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
अपर तहसील हुजूर, भोपाल

2049

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे द्वारा मेरे पक्षकार कि ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सूचित किया जाता कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. श्री आशीष गुप्ता पुत्र श्री राधा कृष्ण गुप्ता, आयु वयस्क, निवासी-जल-889, इन फ्रंट ऑफ हनुमान मंदिर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल (म.प्र.) 462003, आधार कार्ड नं -3896 7909 7215, 2. श्रीमती सुशीला गुप्ता पत्नि श्री राधा कृष्ण गुप्ता, आयु-वयस्क, निवासी जल-889, इन फ्रंट ऑफ हनुमान मंदिर, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल (म.प्र.) 462003, आधार कार्ड नं-6608 0664 6925, के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक आवासीय प्लाट नं. डीएचवी 5/87, आवासीय प्लाट, दानिश हिल्स व्यू कॉलोनी, तह. कोलार रोड, जिला भोपाल म.प्र. जो कोलार नगर निगम की सीमाओं में वार्ड नं 80 में स्थित है। जिसका पुराना खसरा नं-7/1/1,7/1/2,7/2/18/2/2 एवं 8/1 नया खसरा नं- 69, 70, एवं 72 कुल रकबा 73.84 एकड का अंश भाग है जो कि ग्राम दामखेडा, तह. हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. की जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्न है: पूर्व- प्लाट नं. डीएचवी 5/88, पश्चिम प्लाट नं. डीएचवी 5/86, उत्तर 20 फिट चौडा कॉलोनी रोड, दक्षिण 20 फिट चौडा कॉलोनी रोड, उपरोक्त प्लाट की नाप 30 बाई 40 वर्गफिट कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट अर्थात 111.52 वर्गमीटर है। जिसको को मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त आवासीय प्लाट को क्रय किया जा रहा है जिस बावत् मेरे पक्षकार ने उपरोक्त आवासीय प्लाट का बायाना राशि स्वामी को अदा कर अनुबंध पत्र निष्पादित कर लिया गया है यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्दशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (साम्यिक), भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति का पंजीयन पत्र तत्पश्चात् नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होगा।

रचना सिंह चौहान (अधिवक्ता)
सांई समृद्धि लॉ एसोसियेट्स कार्यालय पता-सी-24, वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन, बी.डी.ए. रोड, अवधपुरी, भोपाल मो.नं. 9993186470

2050

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, वृत्त-03 रतनपुर सड़क तहसील कोलार जिला-भोपाल, म.प्र.

क्रं. 0/रा.नि./2026 भोपाल, दि. 23.10.2026
सीमांकन दि. 26.10.26 ग्राम-नरेला हनुमंत सिंह
समय:11.00 बजे से 1 बजे तक
आवेदक क्रमांक. 0009308-APP 30095233
0009308-APP-30095300

सूचना-पत्र

प्रति,1.श्री सुरेश कुमार पिता श्री रामशंकर निवासी नरेला हनुमंत सिंह, 2.श्री राजीव तिवारी पिता श्री रामनारायण तिवारी नि.भोपाल,. 3. श्री प्रकाश तिवारी पिता श्री रामस्वरूप तिवारी नि. भो., 4. श्री दिनेश तिवारी रामशंकर निवासी भोपाल, 5. श्री रमाशंकर आ. कालीचरण ब्राम्हण निवासी नरेला हनुमंत, सिंह भोपाल, 6. श्री, जितेन्द्र तिवारी रामनारायण तिवारी नि.भोपाल, 7. श्रीमती अनुपमा सिंह पत्नी श्री जवाह सिंह निवासी भोपाल, 8. शालिनी गुप्ता पत्नी श्री मनोज कुमार गुप्ता नि. भोपाल, 9. इलक गुप्ता आ. श्री रवि कुमार गुप्ता नि. भोपाल, 10.सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पड़ोसीगण। आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक /अ-12/2026-27 में आवेदक श्री सुरेश कुमार तिवारी एवं उमाशंकर तिवारी नि. ग्राम नरेला हनुमंत सिंह भोपाल नि. द्वारा ग्राम नरेला हनुमंत सिंह प.ह.न. रानि.मं. 03 रतरपुर सड़क तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 255/1, 259, 260/1, 126 रकबा 0.2400 हे., 0.8700 हे., 1.390 हे., 0.1300हे. हे. कुल रकबा 2.63 हे.,हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना-पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अत: आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 26/10/2026 को आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। पड़ोसी का पता स्पष्ट न होने पर आवेदक स्वंय पर उक्त दैनिक स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन करा सकता है। किसी भी प्रकार का अतिआवश्यक शासकीय कार्य आने पर सीमांकन की कार्यवाही स्थगित की जा सकती है। सीमाकंन समय 11:00 बजे से 1: बजे तक।

राजस्व निरीक्षक
तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, म.प्र.

2051

सूडोकु नवताल- 7941

★ ★ ★ ★ ★ कठिनतम

	9				4			7
					7	9		
8								
4		5	8					
3				1				2
					9	7		6
								4
		3	5					
2			6				8	

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7940 का हल

7	8	5	2	6	3	1	4	9
4	3	1	9	7	5	8	2	6
2	6	9	1	4	8	7	5	3
3	1	4	6	8	9	5	7	2
9	5	8	7	2	4	6	3	1
6	7	2	5	3	1	9	8	4
5	2	7	3	9	6	4	1	8
1	4	6	8	5	2	3	9	7
8	9	3	4	1	7	2	6	5

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

काकुरो पहेली - 7614



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7613 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9022



बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. ऊष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अक्षर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

शब्द पहेली -9021 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7453



ऊपर से नीचेः-

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7452

उ	म्मी	द		छ	लि	या		मे	ला
त्स		डॉ	न		बा	र	द	री	
व	च	न		वा	स	ना		जं	ग
	र		सौ	दा			आ	ग	
आ	स	र			पा	की	जा		ग
र		जा	नू		ल		द	र	
ध	र्मा		त	र	की	ब			म
ना		जी	न	त		ना	च		म
		ने		न	ज	र		प्पा	सा
खा	न	दो	स्त			स	नी		ल

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7547

3		4	6	7		
	23	2	31		39	
	5	1			7	4
6	33		29	3	36	
	3		4			2
7	37		36	5	29	
	5	7	6		2	3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7546 का हल

3	6	2	4	1	7	5
1	25	3	31	5	37	7
2	1	7	6	3	5	4
7	37	6	40	2	24	3
6	3	5	7	4	1	2
5	33	4	37	6	29	1
4	5	1	3	7	2	6

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8567

श	रा	आ	स्ट्रे	लि	या	ह	ट	झ	क	अ	
छ	क	र	ह	रिं	लै	ता	दि	शा	को	मे	
ट	र	ना	झि	दा	इं	सिं	बे	ला	ल	रि	
प	म	दा	ड्र	ल	क	डो	हा	दा	र	का	
व	रा	र	ष	हा	मि	री	ने	स	र	ट	
ह	ह	प	व	पे	ह	ला	ती	शि	न	ती	
भा	र	त	अं	रू	स	ट	ह	ला	या	क	
बा	जी	वा	ला	क	छ	सौ	न	कों	जू	ट	
स	थो	तें	ब्रा	जी	ल	दा	ने	गो	र	द	
र	ल	प	ति	रं	ट	ऐ	बें	न	रु	थो	
ची	न	पा	ह	ट	ख	बौ	ख	ला	ह	ट	

शब्द जाल में सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले 10 देशों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

रूस, कनाडा, ब्राजील, अमेरिका, कोंगो, आस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, पेरु, भारत,

शब्दजाल - 8566 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore